




हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता



वर्ष : 9 • अंक 119 • मई- 2015 • • मूल्य : 15/-





# गुर्जर आंदोलन से सिकन्दराबाद में माली समाज को हुआ नुकसान















RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष : 9 ● अंक 119 ● 28 मई, 2015 ● मूल्य : 15/- प्रति


सम्पादक मण्डल

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
( अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन )
( अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति )

**सह संरक्षकः**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
(उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**

**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## इस अंक में

आवरण कथा

### हम जाटों को ओबीसी के 27 प्रतिशत के आरक्षण का हिस्सा नहीं बनने देगें– श्री राजकुमार सैनी




- सम्पादकीय
- गुर्जरों के आंदोलनकत्ताओं ने माली सैनी समाज के पत्थर एवं फल व्यवासियों को लूटा, करोड़ों का नुकसान
- युवक-युवती परिचय सम्मेलन में उमड़ा समाज
- सरकार दुःख-सुख में किसानों के साथः श्री प्रभुलाल सैनी
- जनता के पैसे से वेतन लेते हो, कोई नया रिसर्च तो करके दिखाओ-श्री प्रभुलाल सैनी
- लिखमीदास जी मंदिर निर्माण को लेकर हुआ बैठक का आयोजन, प्रदेशभर से आए लोग
- राजस्थान मैरिट में आये सैनी छात्र-छात्रा अमित एवं सोनिया ने बढ़ाया समाज का मान
- कॉल सेंटर आधारित पहली चल पशु चिकित्सा इकाई का शुभारंभ
- महात्मा फूले की मूर्ति स्थल पर स्नानघर बनाने पर समाज का विरोध प्रदर्शन
- श्री छोगाराम माली बनें आशापुरा मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष
- माली समाज सुधार सम्मेलन में लिया एकता का संकल्प
- फैशन के जलवा में गहलोत ने मचाया धमाल
- युवक की हत्या कर शव पेड़ से लटकाया, मामले में पुलिस की शिथिलता पर समाज ने लिया आंदोलन का निर्णय
- सुन्धामाता तीर्थ पर माली समाज का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन
- मुर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा समारोह धूम धाम से संपन्न
- माली समाज की प्रमुख संस्थान को दिए गए सुझाव के बारे में अपनी सहमति
- माली संस्थान, जोधपुर की विशेष आमसभा में बढ़ाया कार्यकाल
- बीकानेर में नवजीवन हॉस्पिटल का उद्घाटन
- आज के समय में छात्रावास व उच्च कोचिंग संस्थाओं की महती आवश्यकता - श्री राजेन्द्र गहलोत
- इंजीनियरिंग के स्टूडेंट ने मजदूरों के लिए बनाई इक्विटिवन मल्टी लोड फ्रेम
- मजदूर दिवस पर की क्रेन लांचिंग करके मजदूरों को दिया तोहफा
- विविध समाचार

# सम्पादक की कलम से ...



**विद्या परम आभूषण है** इसे धारण करना महती आवश्यकता है परंतु कभी मार्गदर्शन, प्रेरणा, वातावरण व शैक्षिक सुविधाओं के अभाव में समाज के युवक-युवतियों को चाहते हुए भी ''उच्च शिक्षा'' प्राप्त करने में अपेक्षाकृत स्तर अन्नयन के लाभ से वंचित रहना पड़ता है। समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है आवश्यकता है तो उन्हें तराशने की उन्हें प्रेरित करने की। कई दुरांचलों में सुविधाओं के अभाव में जिज्ञासा अभिलाषा के बावजूद मन मसोस कर युवाओं को पढ़ाई से विमुख हो अल्पायु में ही रोजगार पर लगना पड़ता है। ऐसी स्थिति में ऐसे क्षेत्रों में जो समाज के शिक्षाविद् अथवा समाजसेवी जागरूक जन है। उन्हें ऐसी समाज की प्रतिभाओं का हौंसला, मनोबल बढ़ाते, उनका उत्साहवर्द्धन कर विषम परिस्थितियों में भी उनके पथ प्रदर्शक बन समाज सेवा के सहभागी बन सकते है।

आज प्रगतिशील युग में शिक्षा का ही बोल बाला हैं। तकनिकी शिक्षा का बढ़ते नवाचारों में प्रमुख स्थानों पर है। आज शैक्षिक योग्यता की ही पूछ है। युवाओं को परिणय बंधन के लिए संबध स्थापित करने में क्वालिफिकेशन को पहले परखा जाता है। ऐसे में परसेंटेज व प्रतिस्पर्धा के युग में हमारी नव पीढ़ी पीछे न रहे। वे आगे बढ़कर समाज का हर क्षेत्र में गौरव बढ़ायें इसके लिए समाज के विशिष्ठ बुजुर्गो, अनुभवी विभूतियों को भी प्रहरी बन अपने अपने क्षेत्र में निगाहें रख प्रतिभाओं की हर स्तर पर चाहे सामाजिक हो या सरकारी सहायता दिलाने के लिये आगे आना चाहिए, आज के युग में विद्या से विमुख रहने वालों को हर सुविधा से प्राय: विमुख होना पड़ता है, कहा है:-

रूप यौवन सम्पन्ना, विशाल कुल सम्भवा:।
विद्या हीना न शौभन्ते, निर्गन्धा इव किंशुका:।।

चाहे रूप यौवन से संपन्न हों, अथवा बड़े कुल में पले हुए हों परंतु इतना होते हुए भी यदि विद्याहीन हैं तो पलाश के फूल की तरह जो देखने में सुन्दर आकर्षक होते हैं, परनतु गन्धहीन होने से निर्थक हैं। इसी तहर विद्याहीन शोभान ही प्राप्त कर सकते है। विद्ववानों का यह भी कथन है कि ''**अन अभ्यासे विद्या विषम् इव निष्ठकारी भवति।**''

अन अभ्यास से विद्या जहर बन जाती है अत: विद्या अध्ययन समाप्ति के बाद भी विद्या का सतत अध्ययन जरूरी है। विद्या प्राप्त पुरूष विनम्र बन जाता है। 'विद्या ददाति विनयं' ऐसी स्थिति में नवा चारों व अनुसंधानों के दौर में शिक्षा पर विशेष चितंन मनन व मंथन करना है। बालिका शिक्षा को भी विशेष बढ़ावा देना भी समाज में योगदान होगा।

## शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना भी समाज सेवा है



**मनीष गहलोत**
प्रधान सम्पादक

सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रदेश भर में किया विरोध प्रदर्शन

# गुर्जरों के आंदोलनकत्ताओं ने माली सैनी समाज के पत्थर एवं फल व्यवासियों को लूटा, करोड़ों का नुकसान

**समाज के धार्मिक कार्यक्रम में किया पथराव, महिलाओं के साथ किया अभ्रद व्यवहार, पुलिस प्रशासन रहा मौन**





सिंकदरा। पांच प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर सिंकदरा चौराहे पर गुर्जर आदोलनकारियों का प्रदर्शन सोमवार, दिनांक 25 मई, 2015 की रात को ज्यादा गर्माया। चौराहा इनके हवाले होने के कारण कुछ आंदोलनकारियों ने यहां खड़े ठेले तथा थड़ियों को क्षतिग्रस्त कर आग के हवेला कर दिया। कई जगह माली समाज के पत्थर व्यवसायियों की कलाकृतियों को भी क्षतिग्रस्त किया।

इससे पूर्व गुर्जर आंदोलनकारियों ने समाज के धार्मिक कार्यक्रम में पत्थरबाजी कर कई लोगों को घायल किया। इस में समाज की कड़ी संख्या में महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। इन लोगों ने समाज के घरों व ढ़ाणियों में पहुंच कर हमले किए जिस पर समाज के लोगों ने अपनी जान बजाने के लिए बचाव स्वरूप पत्थराव का जवाब दे उनको वहां से खदेड़ा इतना ही नहीं पुलिस प्रशासन यह सब मौन बन कर देखता रहा।



इसके बाद मंगलवार, दिनांक 26 मई, 2015 को प्रात: गुर्जर आंदोलनकारियों ने बड़ी संख्या में एकत्र हो कर माली समाज की दुकानों पर हमला बोल कर सब्जियों व फल व्यवसायियों की दुकानों को जमकर लुटा। इससे समाज के दुकानदारों में भय व्यापत हो गया। समाज के अनेकों दुकानों को लाखों का नुकसान इससे हुआ।

इसके साथ ही इन आंदोलनकारियों ने देश विदेश में सेंड स्टोन के नाम से सिंकदरा में दुकानों के बाहर रखी कीमती मूर्तियां, कलात्मक आकृतियां, मंदिर छतरी आदि तोड़ दी गई। नुकसान ने माली समाज के पत्थर व्यवसायियों को करोड़ों रूपये का नुकसान हुआ है। माली समाज के सभी वर्गो में इस घटना की कड़ी शब्दों में निंदा की है।

सैनी समाज के व्यवसायियों ने शनिवार को कलेक्टर को मिल कर इसकी जांच करवाने की मांग करते हुए नुकसान की भरपाई की मांग का ज्ञापन सौंपा। व्यापारी संघ ने घटना की जांच तुरंत एसआईटी से कराने की मांग की साथ ही नुकसान की जांच के लिए कमेटी गठित करने की मांग की है।

सुबह भगला के बास में शुरू हुई बैठक में व्यापारियों ने कहा कि आरक्षण आंदोलन में सिकंदरा में हुई तोड़फोड़ तथा आगजनी से करोड़ों का नुकसान हुआ है। व्यापारी अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे है। तोड़फोड़ से ही नहीं बल्कि आंदोलन में बाजार बंद रहने से भी व्यापार में नुकसान हुआ है। व्यापारियों ने सिकंदरा के पत्थर मार्केट, सब्जी मंडी, थली ठेले सहित अन्य व्यापार को अन्यत्र शिफ्ट करने पर अपने विचार रखे। सभी ने पत्थर व्यापारियों के लिए सिकंदरा से दूर सुरक्षित स्थान पर स्टोन पार्क बनवाने की मांग रखी। इस दौरान कजोड़मल सैनी, रामकरण सैनी, गंगाधर सैनी, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदश प्रवक्ता रामकरण सैनी, विश्राम, हीरालाल सैनी, मुकेश, रामस्वरूप सैनी सहित अन्य ने भी अपने विचार रखे।

इस घटना के विरोधस्वरूप सिकंदरा में माली समाज के बंद का सभी ने समर्थन किया। माली समाज के सभी वर्गो ने मिलकर बंद की घोषणा की तथा जब तक दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही





नहीं होने तक अपने व्यवसाय को बंद रखने की घोषणा की। बंद से सिकंदरा में आमजीवन अस्त व्यस्त हो गया। सैंड स्टोन दस्तकार विकास समिति के अध्यक्ष कजोड़मल सैनी की अध्यक्षता में बैठक में सरकार से मुआवजे की मांग की। इस दौरान सैनी समाज के जिलाध्यक्ष कजौडमल सेनी ने कहा कि आंदोलन के दौरान दुकानों व प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ से व्यापारियों को कराड़ों का नुकसान हुआ है। अधिकतर नुकसान सैनी समाज के व्यापारियों को हुआ है। रामकरण सैनी ने कांटेवाला ने कहा कि जाम लगाने वालों से हमें कोई दुश्मनी नहीं है कुछ समाजकंठक आंदोलन की आड़ में वारदातों को अंजाम देकर टकराव पैदा करना चाहते है। गंगाधर सैनी ने कहा कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए समाज के लोगों को संगठित होकर रहना होगा। विश्राम सैनी ने जल्द मुआवजा नहीं दिए जाने पर वृहद स्तर पर आंदोलन करने की चेतावनी दी। साथ ही व्यापारियों को हुए नुकसान के संबध में सम्बधित थानों में एफआई आर के साथ हुए नुकसान की फोटो लगानी की भी बात कही।

प्रशासन ने माली समाज के लोगों के साथ वार्ता कर घटना की जांच करने की बात मानी तथा सभी दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की बात कहने पर समाज के लोगों ने जनहित में बाजार खोले तथा हड़ताल समाप्त की।इस घटना की समाज के सभी वर्गो ने कड़ें शब्दों में विरोध किया।

सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम की प्रदेश स्तरीय आपातकालीन मिटिंग में प्रदेश भर में संस्था के पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न जिलों के कलेक्टरों को इस घटना के विरोध स्वरूप ज्ञापन देते हुए मांग करते हुए कहा कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। साथ ही समाज के लोगों को हुए नुकसान का अविंलब आकलन कर उसकी भरपाई की जाए। संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष श्री सुभाष सैनी ने जयपुर में प्रतिनिधि मंडल के साथ एक दल सिकंदरा भिजवाया यहीं नहीं उन्होंने पत्थर व्यवसायियों को हुए नुकसान के मुआवजे की भी भरपाई की मांग कही। संस्थान के प्रदेश स्तरीय विरोध के तहत जोधपुर, जालोर, जयपुर, दौसा, अजमेर, मालपुरा बांदीकुई, कोटा सहित अनेकों शहरों में इस घटना के विरोध में समाज की अनेकों संस्थाओं ने मुख्यमंत्री को कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन भेजते हुए घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग की तथा इस प्रकार की घटना की पुनार्रावृत्ति न हो इसके लिए पुख्ता इंतजाम की भी मांग रखी।

**गुर्जर आंदोलनकारियों के विरोध में सौंपा ज्ञापन**

जालोर। सिकंदरा में माली समाज के लोगों पर गुर्जर आंदोलनकारियों के विरोध में माली समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष सांवला राम सांखला के नेतृत्व में समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया कि गत 25 मई की रात व 26 मई को दौसा जिले के सिकंदरा में गुर्जर आंदोलनकारियों की ओर से माली समाज के लोगों के साथ लूट-खसोट करने के साथ-साथ अमानवीय तरीकों से मारपीट की गई। वहीं समाज से संबंधित सब्जी व्यवसायियों की सब्जियां सड़क पर बिखेर कर दुकानों व लॉरियों में तोड़-फोड़ की गई है। इसके बावजूद पुलिस प्रशासन उन्हें रोकने में असफल रहा। इसको लेकर सैनी वर्ल्ड इकोनॉमी फोरम ने घटना की निंदा करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने, पीड़ित परिवारों को पुलिस सुरक्षा देने व पीड़ित परिवारों को हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है। इस मौके माली समाज सेवा संस्थान के उपाध्यक्ष माधाराम सोलंकी, मंत्री सुरेश सुंदेशा, अंबालाल माली, जूटाराम सोलंकी, विधि सलाहकार रमेश सोलंकी आदि मौजूद थे।

## समाज के गुमशुदा नेताओं की तलाश

दो दिन तक सिकंदरा में माली समाज से हुई मारपीट व लूटपाट से डरकर माली समाज के कुछ तथाकथित स्वयं भू, सेनापति सिरमौर लापता हो गये है। जहां प्रदेश स्तर पर ये सेनापति समाज की बहुत बड़ी जनसंख्या होने की बात कहते हुए स्वयं को समाज के सच्चे सेवक एवं हितेषी घोषित करते है तथा सुख दुख में साथ देने की बात करते है। वो सभी समाजसेवी सेनापति जिस किसी भाई को मिले उनको हिम्मत बंधाते हुए घर भेजे। उनका विवरण इस प्रकार है:-

हुलिया : फूल मालाओं से लदे हुए, सिर पर समाज की पगड़ी बांधे हुए, सफेद कुर्ता पाजामा पहने।

परिचय : अपने आपको अखिल भारतीय, पूरे राजस्थान का, संभाग का या जिला स्तरीय पदाधिकारी बताते है।

शौक : समाज के भीड़भाड वाले सम्मेलनों में अग्रिम पंक्ति या मंच पर बैठने का।

आवाज : मंच पर शेर की तरह दहाड़ते है अब पता नहीं कहा है घरों में, पहाड़ो पर या बोर्डर पर जा कर छिप गए है।

ये गुमशुदा जो हे वो समाज के उठावणों में मिलेंगे, 11 अप्रेल, को ज्योति बा फूले की जयंति पर, माता सावित्री बाई फूले की जयंति पर सर्किलों पर माल्यार्पण करते हुए मिलेगें। इसके साथ ही समाज के अन्य आयोजनों में जहां इनके जयकारे हो तथा जहां इनका स्वार्थ पूरा होता हो वहां ये सभी भारी दल बल के साथ मौजूद होगे। इसके साथ ही निकाय एवं अन्य चुनावों में गली गली समाज बंधु की दहलीज पर वोट मांगते हुए आपको मिलेगे।

जिस किसी को मिले समझाकर वापिस भिजवाने का कष्ट करें।

**धन्यवाद**

**निवेदक**

**माली सैनी समाज के पीड़ित वर्ग**

सामाजिक जागृति मंच, जोधपुर और माली सैनी संदेश के संयोजन में आयोजित सम्मेलन में 575 ने लिया भाग

# युवक–युवती परिचय सम्मेलन में उमड़ा समाज

## कार्यक्रम में समाज के दानदाताओं व युवाओं का रहा अपूर्व सहयोग, सभी ने की मुक्तकंठ से प्रंशसा





जोधपुर। सामाजिक जागृति संस्थान मण्डोर द्वारा आयोजित अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन श्री संतोक पैलेंस, फूलबाग मण्डोर में दिनांक 24 मई 2015 को आयोजित किया गया। सम्मेलन में 575 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें 445 युवक एवं 130 युवतियों थी। संस्थान संरक्षक श्री महेन्द्रसिंह कच्छावाहा ने बताया कि मण्डोर में प्रथमबार आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के प्रतिष्ठित जन श्री राजेंद्रसिंह सोलंकी (पूर्व जेडीए चैयरमेन) श्री राजेंद्र गहलोत (पूर्व मंत्री, राज्य सरकार) श्री नरेन्द्र कच्छवाहा, श्री राज गहलोत, श्री सुनिल परिहार, क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती श्यामा देवी गहलोत, सुमेर शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष श्री चेतन देवड़ा, श्री मयंक देवड़ा आदि उपस्थित थे। संस्थान अध्यक्ष डॉ. अशोक गहलोत ने बताया कि संस्थान उपाध्यक्ष पदमसिंह गहलोत सम्मेलन उप संयोजन श्याम सुन्दर परिहार, नवीन कोषाध्यक्ष छंवरसिंह गहलोत, प्रवक्ता प्रकाश कच्छवाहा, संगठन मंत्री दिनेश गहलोत, प्रचार मंत्री पप्पूभाई, दिनेश कच्छावाहा, धीरेन्द्र गहलोत, पुरूषोत्तम गहलोत द्वारा लाईट व्यवस्था में सहयोग किया। श्री कैलाश गहलोत, श्री विरेन्द्र देवड़ा की टीम ने जल व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाई।

श्री प्रतीक गहलोत की टीम ने पांडाल में सुनियोजित चेयर एवं खान-पान व्यवस्था में सहयोग किया। श्री चन्द्रवीर देवड़ा मनमोहन सांखला, नवीन देवड़ा, प्रवीण परिहार ने कम्प्यूटर सेवा प्रदान की। श्री रामरतन सांखला द्वारा जनरेटर एवं डिजल व्यवस्था की गई। श्री बलवीर सिंह गहलोत द्वारा श्री संतोक पैंलेस नि:शुल्क उपलब्ध करवाया गया। श्री ब्रह्मसिंह जी गहलोत चुतरावता बेरा द्वारा रजिस्ट्रेशन एवं टोकन व्यवस्था मे सहयोग किया गया।

श्री जय प्रकाश गहलोत, श्री धर्मेन्द्रसिंह गहलोत, श्री मनीष गहलोत (माली सैनी संदेश) ने समारोह में पधारें सभी लोगों के चाय नाश्ते की नि:शुल्क व्यवस्था की। साथ ही कार्यक्रम को सुनियोचित संचालन करने हेतु महत्वपूर्ण कार्य का निर्वहन किया। श्री चेतन गहलोत एवं श्री जगदीश देवड़ा द्वारा नि:शुल्क फोटो कॉपी एवं विडियोग्राफी की व्यवस्था की गई। सांखला टेन्ट हाऊस, मण्डोर टेन्ट हाऊस द्वारा टेन्ट व्यवस्था में सहयोग किया। बाहर से आने वाले लोगों के लिए होटल रेड ऑक के महेन्द्रसिंह जी द्वारा नि:शुल्क ठहरने की व्यवस्था की गई। सम्मेलन में 4000 लोगों ने भाग लिया। विनोद गहलोत, अभयसिंह गहलोत, नरेश कच्छावाहा, प्रवीण परिहार, विकास परिहार, जयसिंह परिहार सम्मेलन सह समोयक श्याम सुन्दर परिहार ने बताया कि सम्मेलन में चौखा, गोला, बासनी, रूपावतों का बेरा, सोठो की ढ़ाणी इलाके में प्रचार-प्रसार का कार्स श्री विनोद गहलोत एवं श्री हरिसिंह आर्य द्वारा यिा गया। गुरू कृपा सेवा समिति के श्री जयसिंह गहलोत श्यामसिंह गहलोत, संतोषसिंह गहलोत, श्री खेतसिंह गहलोत, मोतीसिंह गहलोत न समारोह में पधारें सभी लोगों के लिए खाने की व्यवस्था नि:शुल्क प्रदान की। श्री मदनसिंह परिहार, श्री अचलसिंह गहलोत, श्री अर्जुनसिंह गहलोत, श्री जंवरीलाल गहलोत, घेवरसिंह, श्री अरविन्द भाटी, श्री अशोक कच्छावाहा, श्री अजीतसिंह कच्छावाहा, श्री अरविन्द परिहार (नेपसा), राजन गहलोत, अमित गहलोत, कमलेश गहलोत, प्रवीण कच्छवाहा, महेश गहलोत, इन्द्रसिंह गहलोत इत्यदि लोगों ने पांडाल में शांति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग किया। साउण्ड व्यवस्था श्री गणेश साउण्ड रातानाड़ा द्वारा की गई। एम्पलिफायर के सुदर्शन गहलोत ने एल.ई.डी. स्क्रीन की एवं प्लाजमा टीवी की व्यवस्था की।



सब्जी मण्डी पावटा के चालीसवें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह

# सरकार दुःख–सुख में किसानों के साथः श्री प्रभुलाल सैनी





जोधपुर। कृषि विपणन मंत्री प्रभुलाल सैनी ने जैविक खेती अपनाने पर बल देते हुए कहा कि सरकार दुःख-सुख में किसानों के साथ है और काश्तकारों के हितों पर पूरा ध्यान दे रही है।

सैनी बुधवार को जोधपुर में सब्जी मण्डी पावटा के चालीसवें स्थापना दिवस सामारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जैविक खेती अपनाएंगे तो किसानों को लाभ होने के साथ स्वास्थ्य भी सही रहेगा। मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों की तरफ पूरा ध्यान दे रही है। किसानों की दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके परिवार के लिए सहायता राशि एक लाख से बढ़ाकर दो लाख रूपये कर दी गई है तथा मुख्यमंत्री ने इसे और बढ़ाकर पांच लाख यपये तक की घोषणा कर दी है जिसे क्रियान्वित करने के कार्य को आगे बढाया जा रहा है। जिन किसानों की फसलें प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त हो गई उनको मुआवजा दिया जा रहा है। राज्य के 31 जिलों में फसल बीमा योजना के प्रीमियम भुगतान केलिए भी राशि स्वीकृत की गई है। प्रधानमंत्री ने हाल ही तीन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का शुभारंभ भी किया गया है।

कृषि विपणन मंत्री ने कहा कि अभावग्रस्त 11 हजार 537 जिलों में गौशालाओं में प्रति बड़ी गायों के लिए 70 रूपये तथा छोटी के लिए 35 रूपये की राशि का अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा हैं। जहां आवश्यकता होगी वहां चारा डिपो भी खोल दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि कृषि मण्डियों में बिचौलियों से मुक्ति दिलाकर काश्तकारों को उनकी उपज का सीधा लाभ मिले, इसके लिए प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। राज्य में भारत सरकार के मॉडल एक्ट के अनुसार कृषि विपणन पर पूरा ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के बावजूद भी प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने कृत संकल्पता के साथ किसानों को आगे बढाने के प्रति चिन्ता व्यक्त कर उनके हितों के प्रति पूरा ध्यान दे रहे है।

उन्होंने कृषि मण्डी पावटा के चालीसवें स्थापना दिवस पर अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि कृषि विपणन संबंधी विभिन्न पहलूओं पर संबंधित व्यक्तियों से विचार विमर्श कर सुझाव प्राप्त किए है। हमने नीतिगत फैसला लिया है कि मण्डी समितियों में दुकानों का हिसाब से आवंटन होगा। राज्य सरकार ने अचल सम्पति आवंटन का काम किया है और पारदर्शिता के साथ इसमें समान रूप से आवंटन होगा। महिला किसानों को मण्डी में बीस प्रतिशत आवंटित करने की कार्यवाही की जाएगी। नीति में कोई संशोधन की जरूरत भी होगी तो किया जाएगा। राज्य सरकार ने हमाल-पल्लेदारों के लिए भी महात्मा ज्योति बा फूले श्रमिक कल्याण योजना-2015 भी लागू की है। उनके बालिकाओं की शादी-ब्याह के लिए सहायता राशि, शिक्षा, उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृतियों को इसमें प्रावधान किया गया।

उन्होंने कहा कि जोधपुर में सब्जी मण्डी पावटा को स्थानान्तरित करने की जो सबकी मांग है उस पूरा ध्यान देकर कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में तेरह करोड़ की राशि स्वीकृत की हुई है। उन्होंने कहा कि कृषि एवं विद्युत नीति बनेगी उसमें सदस्य होने के नाते मण्डी के सपनों को पूरा करने का प्रयास रहेगा।

## कृषि मंत्री सैनी से की पुनः गिरदावरी कराने की मांग

मथानियां। प्याज फसल में खराबे के नुकसान पर आपदा अनुदान समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर किसानों व जनप्रतिनिधियों ने कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी को ज्ञापन सौंपे। बालरवा के सावरसिंह परिहार, अजीत कच्छवाह, छवरसिंह समेत कई किसानों ने बताया कि मथानिया तिंवरी कृषि क्षेत्र में सैकड़ों हैक्टेयर भू भाग पर खड़ी प्याज की फसल ओलावृष्टि, बेमौसम की वर्षा तथा मौसम की मार के चलते चौपट हो गई। प्याज की पैदावार व गुणवत्ता आधी भी नहीं रही है। उन्होंने प्याज की फसल मे नुकसान का सर्वे, गिरदावरी रिर्पोट में दर्ज करने, आपदा अनुदान राशि दिलाने की मांग की।

वृद्ध किसान केवलराम टाक ने रूआंसे होकर मंत्री से डेढ़ वर्ष से फव्वारा अनुदान राशि नहीं मिलने का दुखड़ा बताते हुए राशि दिलाने की मांग की। भारतीय किसान संघ तुलछाराम सिंवर ने डार्क जोन में 4 हजार किसानों के कृषि कनेक्शन नहीं काटने गाजर सफाई मशीन पर अनुदान शुरू करने, सोलर पंपसेट में अनुदान बढ़ाने, जोधपुर जिले में सोलर पंपसेट का लक्ष्य बढ़ाने, मथानिया मंडी में क श्रेणी के लाइसेंस दिलाने आदि की मांग की।

खरी-खरी कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने ली वैज्ञानिकों और अधिकारियों की बैठक

# जनता के पैसे से वेतन लेते हो, कोई नया रिसर्च तो करके दिखाओ-श्री प्रभुलाल सैनी

## 65 साल में बाजरे पर आत्मनिर्भर नहीं हो पाए, साल-दो साल विभाग बंद कर दें तो क्या फर्क पड़ेगा : मंत्री





जोधपुर। कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने बुधवार को यहां कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा-प्रदेश को 65 साल में मक्का ओर बाजरे पर आत्मनिर्भर नहीं बना पाए हैं, हमेशा दूसरे राज्यों की तरफ जाना पड़त है। दोनों फसल की किसान अपने आप बुवाई करता है। और काटता है, इसमें आप रिसर्च से जुड़े लोगों का क्या योगदान है, बताओ? ऐसे हालात में इस विभाग को ही अगर साल-दो साल के लिए बंद भी कर दें तो किसान और कृषि पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। नई किस्म की रिसर्च करके बताओं जिससे प्रदेश का नाम देश में ऊंचा उठे। उन्होंने कहा कि इसे मेरा आदेश समझ कर क्रियान्वित करके दिखाओ। जनता के टैक्स से पैसा आता है, उसका वेतन लेते हो, प्रदेश की जनता के लिए प्लीज कोई नया रिसर्च तो करके दिखाओ?

सैनी ने बुधवार को यहां कृषि भवन में पहले संभाग के कृषि, वानिकी, उद्यानिकी, कृषि मंडी, कृषि विश्वविद्यालय, डेयरी और पशुपालन जैसे विभागों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। इसके बाद कृषि उपज मंडी बोर्ड के सदस्यों की बैठक ली। यहां से पावटा मंडी के 40वें स्थापना दिवस समारोह में शरीक हुए। कृषि मंत्री ने कहा कि रिसर्च और अध्ययन की कल्चर डव्लप करो, जो कमी है दूर करूंगा। उनके साथ विधायक जोगाराम पटेल, भैराराम सियोल व सूर्यकांता व्यास, पूर्व मंत्री राजेंद्र गहलोत, मंडी के पूर्व चैयरमेन महेंद्र मेघवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र जोशी मंच पर मौजूद थे। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को कहा कि मीटिंग हॉल पहली बार खुला है, साफ-सफाई पर ध्यान क्यों नहीं दिया है? इस पर विधायक सूर्यकांता व्यास ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि विभाग के अंदर ही टूटी हुई है, गंदगी पड़ी है।

**ऑइल कंटेंट 'राज ओलिव' का पेटेंट :** कृषि मंत्री ने कहा कि ऑइल कंटेंट 'राज ओलिव' को राज्य सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पेटेंट करवा लिया है। अगले वर्ष तक इसका उत्पादन 100 मैट्रिक टन तक पहुंच जाएगा। यह ओलिव (जैतून) कोलेस्ट्रोल फ्री है। इसमें राज्य आगे बढ़ रहा है। **जीरा ऊंझा क्यों जाए, अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन करो :** सैनी ने मंडी अधिकारियों को कहा कि यहां का जीरा ऊंझा क्यो जाएं, बताओ? किसान को पूरा मूल्य दिलाओं। राज्य ईसबगोल के उत्पादन में देश में सबसे आगे है। ईसबगोल व जीरे पर एक करोड़ तक अनुदान दे रहे हैं। उनहोंने मंडी के संयुक्त निदेशक डॉ. झब्बरसिंह को राज्य में कॉन्ट्रेक्ट फार्मिग के तहत ईसबगोल व जीरे पर जोधपुर में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने केलिए तैयारी के निर्देश दिए। **'पुहाड़' पर काम जोधपुर से शुरू हो :** कृषि मंत्री ने कहा कि युगांडा-अमेरिका जैसे राष्ट्रों में 'क्रेसिया ओडा' अर्थात 'पुहाड़' का लाखें टन उत्पादन होता है। यह डायविटीज सहित कई रोगों में लाभकारी है। इसकी शुरूआत जोधपुर से होनी चाहिए।

**अपने ही महकमे के अधिकारियों व वैज्ञानिकों की अज्ञानता पर बोले कृषि मंत्री ... आप कहें तो हम कुएं में पड़ जाएं :** जोधपुर। प्रदेश के कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी बुधवार को जोधपुर दौरे के दोरान अपने ही महकमे के आला अफसरों और वैज्ञानिकों की अज्ञानता और काम नहीं करने की प्रवृत्ति से खासे खफा नजर आए। सैनी यहा तक बोल गए, हालत यह हो गई है कि आप कहें तो हम कुएं में पड़ जाएं। कृषि मंत्री ने बुधवार को यहां कृषि पशुपालन, डेयरी मण्डी समितियों के अधिकारियों की बैठक ली। कृषि उप निदेशक बी.के.द्विवेदी आधे घंटे तक सरकारी योजनाओं का बखान करते रहे तो सैनी ने उन्हें बीच में टोकते कहा, योजनाएं मत बताओं, यह हमने ही बनाई है। मेरे पास इतना समय नहीं हैं। योजनाओं की प्रगाति मोटा-मोटा बता दो। इसके बाद उद्यान विभाग में ग्रीन व पॉली हाउस के बारे में संयुक्त निदेशक रामलाल पुरोहित से जानकारी चाही गई तो वे सोच में पड़ गए। यह देख प्रभुलाल सैनी बोले, 'प्लीज, मन से मत बताना। याद नहीं है तो देखकर बाद में बता देना।

भामाशाहों का किया गया सम्मान

# लिखमीदास जी मंदिर निर्माण को लेकर हुआ बैठक का आयोजन, प्रदेशभर से आए लोग



नागौर। शहर के निकटवर्ती गांव अमरपुरा में माली समाज के संत लिखमीदास महाराज की समाधि स्थल एवं बाबा रामदेव के मंदिर निर्माण को लेकर रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले सहित प्रदेश भर से माली समाज के लोगों ने मंदिर निर्माण को लेकर अपनी श्रद्धा प्रकट की। मंदिर निर्माण को लेकर राशि जुटाई गई। इस दौरान मंदिर निर्माण में भामाशाहों एवं जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह रखा गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माली समाज के लोग उपस्थित थे। संस्थान अध्यक्ष व पूर्व राज्य मंत्री राजेंद्र गहलोत ने कहा कि संत लिखमीदास महाराज के मंदिर निर्माण के लिए सभी को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। ताकि जल्द से जल्द समाधि स्थल व देव मंदिर को निर्माण हो सके। संस्था के सचिव नरेंद्रसिंह कच्छवाहा ने कार्यकारिणी की बैठक के दौरान गत वर्ष की आम सभा की जानकारी दी। कोषाध्यक्ष बहादुरसिंह भाटी ने वार्षिक आय-व्याय का ब्यौरा दिया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जोधपुर जिला प्रमुख पूनाराम चौधरी ने कहा कि लोगों की श्रद्धा ही भगवान की विशालता का निर्धारण करती हैं माली समाज बाड़मेर के अध्यक्ष पुरूषोत्तम सोलंकी ने कहा कि धर्म की निती अपनाने वाला ही सर्वोच्च होता है। शिक्षा व व्यापार को धर्म के आधार पर ही बढ़ाना व महापुरूषों की प्रेरणा के आधार पर ही काम करना भक्तो का धर्म हैं मंच संचालन बालकिशन भाटी ने किया।

**आम सभा में इनका हुआ सम्मान**

संत लिखमीदास महाराज की समाधि स्थल निर्माण में आए भामाशाहों व जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। इस दौरान रामकिशोर कच्छावा, रामदयाल भाटी, आशाराम भाटी, आनंदसिंह कच्छावा, पंचायत समिति सदस्य फूलचंद टाक, खींवसिंह सोलंकी, सरिता कच्छावा, कड़लू सरपंच सहित अनेक जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया।

**यह रहे मौजूद**

कार्यक्रम में नगर परिषद सभापति बिरदीचंद सांखला, परबतसर माली समाज अध्यक्ष सेवाराम दगधी, मेड़ता अध्यक्ष गोरधन टाक, बालोतरा के पूर्व पालिका अध्यक्ष भोमाराम पंवार, महेश चौहान, संजय परिहार, मेघाराम परिहार, आइदानराम भाटी, कृपाराम गहलोत सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## राजस्थान मैरिट में आये सैनी छात्र-छात्रा अमित एवं सोनिया ने बढ़ाया समाज का मान








फतेहपुर (सीकर) की इण्डियन सी.सै. स्कूल के छात्र अमित कुमार माली ने विज्ञान वर्ग में 96.80% अंक पाकर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की सीनियर सैकेण्डरी कक्षा में प्रदेश स्तर पर 6ठी रैंक प्राप्त की है। नापासर (चूरू) के श्री जितेन्द्र कुमार सैनी कच्छावा का पुत्र अमित फतेहपुर में अपनी भुवाजी के घर पर रहकर अध्यन कर रहा हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग नं. 11 में सरदारपुरा स्टेण्ड के पास श्री गिरधारी लाल चूनवाल पुत्री श्री कुरड़ाराम चूनवाल छात्र अमित के फूफाजी हैं। छात्र आई.आई.टी. करने का इच्छुक हैं।

**सोनिया सैनी आठवें स्थान पर**

गुढा गौड़ जी जिला झुंझुनूं की गुढ़ा पब्लिक सी.सै. स्कूल की छात्रा सोनिया सैनी ने बोर्ड की विज्ञान वर्ग की सी. सै. कक्षा में 96.40% प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर आठवीं रैंक प्राप्त की है। छात्रा भविष्य में डॉक्टर बनना चाहती हैं। इससे पूर्व भी सोनिया ने 10वीं बोर्ड परिक्षा में प्रदेश में 2रा स्थान प्राप्त कर परिवार एवं समाज को गौरवान्वित किया था। मेरिट में आठवां स्थान लाने वाली ककराणा की बेटी सोनिया सैनी को मेरिट आने का भरोसा था। कहती है, लगातार प्रयास किया जाए तो सफलता निश्चित है। सोनिया के पिता पिता खेतड़ी में सहायक कृषि अधिकारी हैं। सोनिया तीन बहनों में वह सबसे छोटी है। एक बहन सीए कर रही है जबकि दूसरी बीए फाइनल में है। भाई 10वीं में है।

# अब मिलेगा किसान कलेवा योजना में 300 ग्राम आटा : प्रभुलाल सैनी

# कॉल सेंटर आधारित पहली चल पशु चिकित्सा इकाई का शुभारंभ



टोंक। पशुपालन मंत्री प्रभुलाल सेनी ने पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक कार्यालय परिसर में आयोजित समारोह में कॉल सेन्टर आधारित चल पशु चिकित्सा इकाई देवली तथा उनियारा का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर इन चल पशुचिकित्सा इकाईयों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

पशुपालन मंत्री सैनी ने कहा कि यह योजना पायलट प्रोजेक्ट के यप में टोंक जिले की देवली तथा उनियारा तहसीलों से प्रारम्भ की गई हैं। इस योजना के लागू होने से देवली और उनियारा के इक्कावन हजार पशुपालकों के लगभग साढ़े तीन लाख पशुओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के यहां सफल संचालन के बाद इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। इस योजना में घर बैठे पशुपालकों के पशुओं को इलाज की सुविधा मिलेगी। पशुपालन मंत्री ने बताया कि इस मोबाईल यूनिट को बुलाने के लिए एक कॉल सेंटर स्थापित किया गया है, जिसका टोल फ्री नम्बर 1800-180-6127 होगा। यह सेवा प्रात: 9:00 बजे से 4:00 बजे तक उपलब्ध हो सकेगी। यह सेवा रविवार के अतिरिक्त सप्ताह के प्रत्येक दिन उपलब्ध रहेगी। पशुपालक को इस सेवा के अन्तर्गत पंजीकरण शुल्क दो रूपये प्रति कैटलहैड तथा 25 रूपये सेवा शुल्क के रूप में अदा करने होंगे। पशुपालन मंत्री सैनी ने संयुक्त निदेशक पशुपालन के कार्यालय में एक्स-रे डार्करूम का भी लाकार्पण किया। उन्होंने कोल्ड स्टोरेज एवं जिला औषधि भण्डार का भी शिलान्यास किया।

## नहीं होगा किसानों व व्यापारियों में विवाद

टोंक। कृषि मंत्री प्रभुलाल सेनी ने कृषि मंडी टोंक में आयोजित समारोह के बाद किसान व पल्लेदारों को किसान कलेवा योजना के तहत मिलाने वाले भोजन का ना केवल स्वाद चखा, बल्कि उन्होंने किसानों व पल्लेदारों को मिल रही 6 बांटी व 6 पूड़ी को कम आंकते हुए तुरंत ही किसान व मजदूर के पेट की भूख को समझते हुए तुरंत ही कृषि मंडी चैयरमेन सुमन गुर्जर व मण्डी सचिव मो. इश्तियाक कुरेशी को आटे की मात्रा 200 ग्राम की जगह 300 ग्राम कराने का प्रस्ताव देने कहा, ताकि राजस्थान की सभी मीडियों में इसको लागू किया जा सके और किसान व पल्लेदार का भरपेट भोजन मिल सके। कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी के चेम्बर प्लेट 'समस्या का आखिर पड़ाव' की लाइन का उस समय साकार सांबित हुई, जब किसानों की सबसे बडत्री 'प्राइवेट लेब' की परेशानी का निस्तारण मात्र 4 घंटे में न केबल कर दिखाया बल्कि यह भी एलान कर दिया कि वह किसान के बेटे है और किसान की समस्या का हर हाल में निस्तारण तत्काल करवाने के लिए कटिबद्ध है। हुआ यूं कि शनिवार को कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी के टोक के आधा दर्जन से अधिक कार्यक्रमों के दौरान पीपलू क्षेत्र के किसान नेता एवं पंचायत समिति सदस्य मो. जाकिर ने कलेक्ट्रेट के सामने किसानों व व्यापारियों के मनमुट व झगड़ों की जड़ 'सरसों की लेव' बताते हुए न केवल ज्ञापन दिया बल्कि मालपुरा, निवाई उनियारा सहित जिले की अन्य मण्डियों में किसानों के शोषण का मुख्य आधार बताया। मात्र 4 घंटे कार्यक्रमों के बीच ही कृषि मंत्री सैनी ने यहां के किसानों की इस पीड़ा का मर्म को समझ कृषि मंडी टोक के समारोह में घोषणा कर दी कि यहां मण्डी परिसर में सरकार की और से 15 लाख की लागत से एक पखवाड़े मे आधुनिक तकनीकि की लेख स्थापित कर दी जाएगी। उन्होंने मंडी सचिव इश्तियाक कुरेशी को 3 दिन में प्रस्ताव बनाकर भिजवाने के भी निर्देश दिए। इस घोषणा के साथ ही किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी और कार्यक्रम के बीच में ही किसान नेता जाकिर सहित सैकड़ों किसानों ने प्रभुलाल सैनी का आभार प्रकट किया।



# महात्मा फूले की मूर्ति स्थल पर स्नानघर बनाने पर समाज का विरोध प्रदर्शन



भीलवाड़ा 10 मई। महान पुरोधा महात्मा ज्योतिबा फूले की मूर्ति स्थल पर नगर विकास न्यास महिला स्नानाघार नहीं बनाये एवं अनावश्यक तोड़फोड करने से बाज आये अन्यथा इसके गहरे दुश्परिणाम भुगतने होंगे जिसका जिम्मेदार भी जिला प्रशासन ही होगा। यह बात फूले सेवा संस्थान के अध्यक्ष गोपालाल माली ने माली समाज व फूले के अनुयायियों की ओर से जिला कलक्टर डॉ॰ टीना कुमार को सौंपे एक पत्र में कही।

माली ने कहा कि दो वर्श पूर्व तत्कालीन सरकार के समय भीलवाड़ा में दर्जनभर से ज्यादा पुरोधाओं की मूर्तियां स्थापित कर उन्हें स्थल प्रदान किये गये। स्वयं नगर विकास न्यास की इसमें भागीदारी रही। लेकिन गत कुछ समय से कुछ समाजकंटकों की न्यास में पहुंच के चलते न्यास प्रशासन उनके प्रभावित हो गया और दलित, कुचलित, अभावग्रस्त और वंचित तबके के महान पुरोधा ज्योतिबा फूले को बदनियती का आधार बनाकर फूले के मूर्ति स्थल को छोटा करने एवं वहां अपने स्तर पर तोड़फोड़ करने के प्रयास आरंभ कर दिये। माली समाज के कई अग्रणी संगठनों ने इस बाबत् पूर्व में रैली, प्रदर्शन और धरने आयोजित कर जिला प्रशासन से लेकर मुख्यमंत्री तक फूले के हक की आवाज को बुलन्द करने के सैकड़ों जतन किये। लेकिन नगर विकास न्यास के कानों पर जूं नहीं रेंगी और वहां महिला स्नानाघर का बहाना लेकर न्यास ने इतने संवेदनशील मुद्दे पर लाल फीताशाही के चलते इस मामले में निविदा जारी कर दी और न्यास पूरी तरह ज्योतिबा फूले के साथ और समाज के बिना पहुंच वाले तबकों के साथ अन्याय करने में जुट गया है। जो किसी भी प्रकार से उचित नहीं है।

फूले सेवा संस्थान के अध्यक्ष गोपालाल माली ने इसी मामले को लेकर जिला कलक्टर को पत्र द्वारा अवगत कराया एवं जिलाधीश महोदय से मांग की कि समय रहते उचित कदम उठाते हुए निविदा निरस्त करें एवं इस मामले में उचित निर्णय लेकर फूले के अनुयायियों को राहत प्रदान करें। इस पर जिला कलक्टर डॉ॰ टीना कुमार ने अविलम्ब सटीक निर्णय लेकर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया तथा समाज से अपील की कि उनके हितों को बाधित नहीं होने दिया जायेगा। इसलिए वे ऐसा कोई कदम नहीं उठाये जिससे शांति भंग हो।

# श्री छोगाराम माली बनें आशापुरा मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष



सिरोही। 15 अप्रेल, 2015 को आशापुरा माताजी मन्दिर (टेकरी), सिरोही के परिसर में शाम को सांय 4.00 बजे डूंगरमल गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जिसमें आजीवन सदस्यों ने भाग लिया। जिसमें छोगाराम पुत्र रूपाजी माली (नर्सरी) को सर्वसम्मति से सभी सदस्यों ने अध्यक्ष पद के लिए मनोनित किया।

अध्यक्ष डूंगरमल गुप्ता ने बताया कि आशापुरा माताजी मन्दिर टेकरी के चुनाव दिनांक 14.04.2015 को शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। छोगाराम माली को अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावक पुरूषोत्तम रावल व शंकरसिंह चौहान ने किया जिसका समर्थन रघुभाई माली व भूपतभाई देसाई एवं उपस्थित सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर समर्थन किया तथा कार्यकारिणी का चुनाव 17.05.2015 को आयोजित किया जायेगा।

ताराराम माली, सभापति नगर परिषद सिरोही ने उपस्थित सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी समाज के लोगों को साथ मिलकर आशापुरा माताजी का भव्य मन्दिर बनाने एवं ट्रस्ट का विकास कराने में सभी को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना पडेगा ताकि ट्रस्ट का अच्छा विकास हो सके एवं साथ में वृक्षारोपण कर हरा-भरा बनाने का कार्य करे।

रघुभाई माली ने मन्दिर विकास के लिए सभी भक्तों को आगे आकर सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर मोहनलाल माली, प्रवीणसिंह, रतनलाल सुथार, अमृत खत्री, गोपीकिशन त्रिवेदी, शान्तिलाल माली (सवना), भूतपभाई देसाई, गोमाराम माली, नैनाराम परमार, चन्द्रदीपसिंह, कैलाश कंसारा, सुनील गुप्ता, प्रकाश बी॰ माली, मगनलाल माली, हिरालाल कंसारा, किशन प्रजापत, तुलसीराम, विक्रमसिंह जोधा, जितु रावल, अमृतलाल, नारायण माली, महेन्द्र एवं आजीवन सदस्य उपस्थित रहे।

## मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब

# माली समाज सुधार सम्मेलन में लिया एकता का संकल्प





शिवगंज। शहर के गोकुलवाड़ी मोहल्ले में शनिवार को भक्त लखमीदास का वार्षिक मेला एवं माली समाज सुधर सम्मेलन का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ सवेरे सेत पंछीदास महाराज के सानिध्य में भक्त लखमीदास मंदिर पर ध्वजारोहण के साथ हुआ। दोपहर को प्रसादी वितरण की गई एवं इसके पहले समाज सुधार सम्मेलन आयोजित किया। वहीं शम साढ़े पांच बजे शहर में वरघोड़ा निकला गया। मेला स्थल पर सवेरे 10 बजे समाज सुधार सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में महात्मा 'ज्योतिबा फूले जागृति मां के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीलाल सांकला ने एकता एवं राजनीति क्षेत्र में समाज की भागीदारी के लिए संगाठित रहने का आह्वान किया। माली समाज शिक्षा प्रचारक संघ फालना के प्रधान शंकरलाल गहलोत ने समाज में बालिकाओं की घट रही संख्या पर चिंता जताते हुए कहा कि यदि यहीं स्थिति बनी रही तो आने वाले दिनों में समाज के सामने बहु लाना मुश्किल हो जाएगा। माली समाज के पूर्व अध्यक्ष नारायणलाल परिहार ने कांबेश्वर महादेव धाम पर प्रस्तावित धर्मशाला के निर्माण कार्य में सहयोग देने का आह्वान किया। माली समाज जागृति मंच के जिलाध्यक्ष बाबूलाल अंधविश्वास से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि लोग अंधविश्वास व अनभिता के कारण ठगे जा रहे है।

किसान संघ तहसीलाध्यक्ष चुन्नीलाल परिहार ने कहा कि सामाजिक कार्यो में पुरूषों व युवाओं की तरह महिलाओं व युवतियों का भी मौका देना चाहिए, ताकि समाज की विकास की गति ओर बढ़ सके। इस मौके माली समाज शिवगंज के अध्यक्ष मांगीलाल गहलोत, नगर पालिका अध्यक्ष कंचन सोलंकी, पार्षद लक्ष्मण परिहार, सुरेश माली, अल्पेश कुमार, धरमी देवी, उमा देवी, पोसालिया सरपंच राजेंद्र कुमार, सलोदरिया के पूर्व कानाराम परिहार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश भाटी, पूर्व अध्यक्ष शंकरलाल परिहार, माली नवयुवक संघ के हितेश परिहार, माली नवयुवक संघ के हितेश परिहार, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश परिहार, माली समाज के पूर्व चुन्नीलाल परिहार, बाबूलाल गहलोत, पूर्व व्याख्याता हजारीमल सोलंकी, सामूहिक विवाह आयोजन समिति अध्यक्ष शांतिलाल माली, मंत्री गणेश भाटी, मांगीलाल टांक, दीपक भाटी, हिम्मतराम परमार, एडवोकेट छगन गहलोत, महेंद्र गहलोत, धनराज गहलोत, पुखराज माली, भंवरलाल देवड़ा, नारायणलाल चौधरी, भंवरलाल बेड़ा, पूर्व पार्षद राजेंद्र सोलंकी, जेसाराम माली व मातर माता मंदिर अध्यक्ष खेताराम मौजूद थे। संचालन पूर्व व्याख्याता छोगाराम भाटी ने किया।

**कार्यकर्ताओं ने संभाली व्यवस्था :** मेले में माली नवयुवक मंडल के कार्यकर्ताओं ने प्रसादी वितरण और वरघोड़े की विभिन्न व्यवस्थाओं में सहयोग किया। वरघोड़े के दौरान चौराहों व नुक्कड़ों पर कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से डांडिया नृत्य भी किया। मेले पर माली समाज के सभी व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे।

**वरघोड़े में गूंजे जयकारे**

मेले के उपलक्ष्य में माली समाज की ओर से शाम साढ़े पांच बजे वरघोड़ा निकाला गया, जिसमें भक्त लखमीदास महाराज के जयकारे गुंजायमान हुए तथा विभिन्न जगहों पर युवाजनों ने डांडिया नृत्य किया। वरघोड़ा गोकुलवाड़ी स्थित मंदिर से गोजे बाजे के साथ रवाना हुआ, जो मालियोवास, आजाद चौक, गोशाला भवन, अग्रसेन सड़क, गोलबिल्डिंग, कलापुरा, होली चौक, सब्जी मंडी, धानमंडी होते हुए देर शाम को पुन: लखमीदासजी मंदिर पहुंच।

## फैशन के जलवा में गहलोत ने मचाया धमाल



फुटवियर डिजाइन एवं डबलपमेंट इस्ट्रीटयूर (एफडीडीआई) में दो दिवसीय सांस्कृतिक व खेलकूद फीस्ट लहरिया-2015 का शुक्रवार का समापन हुआ। दूसरे दिन एकल एवं सामूहिक नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन और विद्यार्थियों द्वारा स्किट का मंचन किया गया सांस्कृतिक संध्या के दौरान विभिन्न थीम पर कार्निवल आफ रास और 'आफ री वाल' में मुकेश गहलोत सुपुत्र रामदयाल प्रथम स्थान प्राप्त किया। फैशन शो आकर्षण का केन्द्र रहा। फैशन शो में संस्थान के उभरते हुआ डिजाइनर्स की तैयार की हुई। ड्रेसेम और फुटवियर पहनकर मॉडल्स ने रेम्प वाक किया। इस मौके पर फैशन शो भी निर्णायक डिजानियर नेहा मेहता, संस्थान निदेशक डॉ. अतुल आस्थाना, एफ.डी.डी.आई. के प्रबन्ध निदेश अजय कुमार सहित गहलोत धमाल पर पूरी-पूरी प्रशंसा की।

# युवक की हत्या कर शव पेड़ से लटकाया, मामले में पुलिस की शिथिलता पर समाज ने लिया आंदोलन का निर्णय



जैतारण। क्षेत्र के निमाज कस्बे में 22 मई को दोपहर में पुलिस चौकी के पीछे वाले रास्त के एक खेत में पेड़ से लटके युवक का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर निमाज अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतक युवक की शिनाख्त मेगड़दा निवासी किशनलाल माली के रूप में हुई। मेगडदा बर, निमाज के लोगों को जब घटना की जानकारी मिलते ही सभी लोग मौके पर पंहुचे जिससे अस्पताल की मोर्चरी के बाहर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गयी। इस दरम्यान मृतक के परिजन भी मौके पर पंहुच गए। पेड़ पर लटके शव की स्थिति एवं शरीर पर चोट के निशान को देखते हुए परिजनों ने हत्या का संदेह जताया। साथ ही आरोपितयों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए व शव लेने से इंकार कर दिया। मोर्चरी के बाहर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। जैतारण पुलिस उपअधीक्ष्क श्री वीरसिंह शेखावत व थाना प्रभारी गौत्तम जैन सहित पुलिस जाप्ता मौके पर लगाया गया। परिजनों के आरोप पर पुलिस तफ्शशीश में जुट गई। मृतक के साथ पूर्व रात्रि में मारपीट करने की बात भी सामने आई।

हत्या कर शव को पेड़ से लटकाने तथा उसके बाद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर समाज के आरोपियों की गिरफ्तार नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। समाज के 84 खेड़ों की बैठक आयोजिक की गई। बैठक में मौजूद लोगों ने पुलिस कार्यवाही पर रोष जाताते हुए मामले में जुड़े सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। हत्या के पांच दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा किसी को गिरफ्तार नहीं करने से क्षेत्र के लोगों में रोष व्याप्त है। इस दौरान लोगों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए और कुछ आरोपियों को बचाने के प्रयास करने की बात कही। इस पर समाज के लोगों ने एक स्वर मैं पुलिस द्वारा निष्पक्ष कार्यवाही नहीं किए जाने पर उग्र आंदोलन करने तथा मृतक का न्याय दिलवाने की मांग की। बैठक में रायपुर सरपंच चैनाराम माली, माली सैनी नवयुवक सेवा संस्थान के अध्यक्ष श्री रामस्वरूप भाटी, मोहनलाल माली, ताराचंद बागड़ी आदि मौजूद थे।

श्री माली सेवा समिति के प्रवक्ता महेन्द्र चौहान ने बताया कि इस मिटिंग में सैनी वर्ल्ड एकॉनोमी फोरम का एक प्रतिनिधि मण्डल भी उपस्थित था जिसने भी पुलिस की कार्यवाही की निंदा करते हुए। हत्या के आरोपियों का जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की बात कही।

महासभा की लगातार 13 घंटे चली मिटिंग में आगामी 8 जून से महापड़ाव रखने की बात कही तथा सभा में उपस्थित हजारों लोगों ने इसका समर्थन किया।

मामले की गंभीरता को देख पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत अपने निजी कार्य से जोधपुर जाते वक्त बर स्थित आरटीडीसी होटल में रूके। महेन्द्र चौहान ने पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत को संपूर्ण घटनाक्रम की जानकारी प्रदान करते हुए ज्ञापन सौंपा तथा मामले की जांच सीबी सीआईडी से कराने की बात कही।

श्री गहलोत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च स्तरीय जांच कराने की भरोसा दिलाया।

## समाज के दबाव से जांच में पुलिस ने किया महिला सहित 5 के गिरफ्तार

जैतारण। निमाज कस्बे में बीते दिनों किशन माली हत्या कर उसका शव पेड़ से लटकाने के मामले को पुलिस ने राज खोल दिया। पुलिस ने इस प्रकरण में एक महिला सहित 5 जनों को गिरफ्तार किया है। घटना के पीछे के कारणों की जांच पुलिस कर रही है।

पुलिस के अनुसार गत दिनों कुछ लोगों ने किशन माली की हत्या कर उसका शव पेड़ से लटका दिया था। पुलिस ने इस मामले को प्रथम दृष्टया आत्महत्या का माना था। लेकिन मृतक के परिजनों एवं माली समाज के लोगों ने मृतक के साथ मारपीट कर हत्या के आरोप लगा। पुलिस पर दबाव बना कर हत्या का मुकद्मा दर्ज कराया। आरोपियों ने पुछताछ में हत्या की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने इस संदर्भ में दागला गांव के बेरा सालिया के संपत पुत्र माधूराम, अमराराम पुत्र माधूराम, कैलाश पुत्र गोरधनराम, मांगीलाल पुत्र मोतीराम माली, भंवरलाल पुत्र पोकरराम व चंपा पत्नी भंवरलाल (सभी माली) को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से मजिस्ट्रेट ने महिला को जेल भेजने तथा अन्य आरोपियों को 5 दिन के रिमांड पर रखने का आदेश दिया।

## सर्वसम्मति से शंकरलाल सुंदेशा एवं उनकी कार्यकारिणी का बढ़ाया कार्यकाल

# सुन्धामाता तीर्थ पर माली समाज का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन





रानीवाड़ा। अपने लिए तो हर कोई करता है, पर जो समाज के लिए कुछ करता है। वह व्यक्ति महान होता है। यह बात कृषि मंत्री ने सोमवार को सुन्धामाता तीर्थ पर माली समाज विकास संस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय वार्षिक उत्सव एवं शिक्षा जागृति सम्मेलन में कही।

उन्होंने कहा कि आज वक्त बदल गया है और अन्य समाज के समान माली समाज को भी शिक्षित होना पड़ेगा। यह समय की जरूरत है। समाज में शिक्षा के स्तर को और अधिक बढ़ाने और सामाजिक एकजुटता पर बल देना भी जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि समाज ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उन पर वे खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

पूर्व मंत्री एवं लिखमीदास महाराज स्मारक विकास संस्थान के अध्यक्ष राजेन्द्र गहलोत ने कहा कि शिक्षा से ही समाज और देश की उन्नति संभव है। उन्होंने सभी से समाज हित में मतभेद और मनभेद भुलाकर कार्य करने की अपील की। सिरोही नगरपालिका के सभापति ताराराम देवड़ा ने सभी जातिबन्धुओं को एकजुट रहने की बात कहीं।

दियोदर गुजरात के पूर्व विधायक अनिल माली ने समाज के विकास के लिए शिक्षा को आवश्यक बताते हुए बालिका शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं हैं, सिर्फ तरासने की जरूरत है। नगर परिषद् के पूर्व आयुक्त शंकरलाल गहलोत ने कहा कि ऐसे आयोजनों से प्रतिभाओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करते हुए आगे बढ़ने का लक्ष्य मिलता है। इस दौरान कई पंचों ने चर्चा कर समाज में शिक्षा का बढ़ावा देने के लिए सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने सहित अन्य बिंदुओं पर विचार किया।

किसान नेता भगवानाराम माली ने कहा कि समाज को राजनीतिक तौर पर लाने के लिए संगाठित करना भी जरूरी है। इसके लिए अन्य समाजों के साथ तालमेल रखकर आगे बढ़ने की जरूरत है। जोधपुर के पूर्व महापौर राजेन्द्र गहलोत ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए बौद्धिक प्रकोष्ठ, वैवाहिक प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ व युवा प्रकोष्ठ का गठन करने की बात कही।

इस अवसर पर संस्थान के चुनाव नहीं करा कर सभी सदस्यों की सहमति से श्री शंकरलाल सुंदेशा को पुन: संस्था के अध्यक्ष की बागड़ोर सौंपते हुए उनके कार्यकाल को बढ़ा दिया साथ ही उनकी समस्त कार्यकारिणी को भी संस्थान के सदस्यों की सहमति से पुन: निर्विरोध चुन कर समाज में एकता एवं समरसता का परिचय दिया गया। श्री शंकरलाल सुंदेशा को सभी ने पुन: अध्यक्ष चुने जाने पर मालाओं से लाद दिया। श्री शंकरलाल सुंदेशा ने इस अवसर पर कहा कि समाज ने जो मान सम्मान मुझे दिया है इससे मेरा दायित्व बनता है कि पूर्व की भांति में संस्थान को नई उचाईयों पर ले जाऊ साथ ही संस्थान के विस्तार एवं धर्मशाला के लिए जो भी योजना आप सभी के सहयोग से बनेगी उसको अपनी टीम सदस्यों के साथ पूरी ताकत लगा उसी पूरी करेगें।

इससे पूर्व रविवार रात्रि को माली समाज धर्मशाला में रमेश माली व प्रकाश माली सहित कई भजन कलाकारों ने देर रात स्वर लहरियां बिखेरी। मंत्री सैनी ने भी रात्रि में भजन संध्या में शिरकत की। रात्रि को ही भजनों के दौरान चढ़ावे व बोलियां बोली गई। माली समाज वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष रघुनाथ देवड़ा ने कहा कि सुन्धा तलहटी पर भव्य धर्मशाला का निर्माण होने जा रहा है।

इस मौके मोहनभाई रामी, प्रवीण गोरधनभाई डीसा, गंगाराम गहलोत, जयरूपाराम भीनमाल, जीएम परमार, देवीचंद कच्छवाह, महेश चौहान, मूलाराम सोलंकी, मोतीलाल सांखला, खेताराम परमार, एईएन भरत देवड़ा, दिनेश गहलोत जालोर, पुखराज गहलोत मूंगथला, नारायण देवड़ा आरआई समेत माली समाज के कई लोग मौजूद रहे।

# मुर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा समारोह धूम धाम से संपन्न



जोधपुर। कीर्ति नगर स्थित हनुमान मंदिर में श्री राम दरबार एवं श्री राधा कृष्ण भगवान की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा धूमधाम से संपन्न हुई। समिति के उपाध्यक्ष श्री जगदीश देवड़ा ने बताया कि गुरूवार, 28 मई, 2015 को आयोजित समारोह में क्षेत्र के धर्मप्रेमी स्वजनों के साथ ही समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने समारोह में उपस्थित हो समारोह की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राजेन्द्र सोलंकी पूर्व जेडीए चेयरमेन एवं श्री राजेन्द्र गहलोत अध्यक्ष संत शिरोमणी लिखमीदास स्मारक ट्रस्ट, नागौर ने की। समारोह में पूर्व पार्षद श्री मयंक देवड़ा, श्री मनोहर सिंह परिहार के साथ ही श्री हरीसिंह गहलोत, श्री महेश गहलोत विशिष्ठ अतिथि थे।

मंदिर के महाराज पुजारी श्री मिश्रीलाल सोंलकी ने बताया कि यह मंदिर वर्ष 1984 में बनवाया गया था। तब से लेकर अब तक मंदिर के प्रति लोगों की आस्था अगाढ़ है। उन्होंने बताया कि जो मूर्तियां अब प्रतिष्ठित हो रही है वो समाज के आयोजनों एवं शोक संदेश परिवार की और से दी गई दान राशि को इक्कठा करके बनवाई गई है।

आज के इस आयोजन में प्रात: हवन किया गया तत्पश्चात सभी अतिथियों एवं क्षेत्रवासियों के साथ मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसी कड़ी में रात्री में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के साथ ही दूर दराज के लोगों ने आनंद लिया। समारोह में पधारें अतिथियों का समिति के पदाधिकारियों सर्वश्री हरीसिंह गहलोत (अध्यक्ष), जयंत सांखला (महामंत्री), गजेन्द्र परिहार(कोषाध्यक्ष), विक्रमसिंह गहलोत(मंत्री) के साथ ही सुनील गहलोत, डूंगरसिंह गहलोत, नृसिंह देवड़ा, राजेन्द्र सोलंकी आदि ने साफा व माला पहना कर बहुमान किया।

# माली समाज की प्रमुख संस्थान को दिए गए सुझाव के बारे में अपनी सहमति हमें बतायें।

**हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माली संस्थान जोधपुर द्वारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जोधपुर के अलावा पाली, जालोर, बाड़मेर, नागौर, जैसलमेर, सिरोही इत्यादिजगहों से समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाता है।**

1. इस कार्यक्रम को भविष्य में जोधपुर संभाग के विभिन्न जिलों (पाली, जालोर, बाड़मेर, नागौर, जैसलमेर, सिरोही इत्यादि) में आयोजित किया जाये। जिससे वहां के विद्यार्थियों, अभिभावकों व समाज के स्थानीय नागरिकों में भी शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़े तथा उनके क्षेत्र में हुए सम्मान समारोह से स्थानीय संस्थानों को सामाजिक गतिविधियों के आयोजन हेतु प्रेरणा मिलेगी। अभी विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिभावान छात्र जोधपुर अपने अभिभावकों के साथ आने जाने से मिलने वाली छात्रवृति की अधिकतम राशि किराये में ही खर्च हो जाती है तथा स्थानीय के अलावा दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों व अन्य जिलों में समाज के ऐसे आयोजनों की जानकारी समाजबंधुओं तक नहीं पहुंच पाती है इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा जागृति है तो उसकी ज्यादा आवश्यकता तो छोटे छोटे कस्बों एवं जिलों में है।
2. प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के साथ ही उनको स्कॉलरशिप प्रदान की जाए जिससे भविष्य में उनको उच्च शिक्षा प्राप्त करने में आर्थिक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। संस्थान उनको प्रोत्साहित करने के साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु इस बारे में भी निर्णय लें।

**अगर आप हमारे विचारों से सहमत है तो हमें Whattsup से अथवा संदेश भेजकर प्रतिक्रया दें।**

**094144 75464**

**अगर आपके पास समाज उत्थान एवं विकास से संबधित कोई सुझाव शिकायत है तो हमें अवश्य भेजें। हम उन्हें भी पत्रिका में प्रकाशित करेंगे।**

### संस्थान के आजीवन सदस्यता शुल्क में भी की गई बढ़ोतरी

# माली संस्थान, जोधपुर की विशेष आमसभा में बढ़ाया कार्यकाल

### संस्थान द्वारा एम्स के पास धर्मशाला के ली गई जमीन का सभा में अनुमोदन



जोधपुर। माली संस्थान, जोधपुर की विशेष आम सभा रविवार, 17 मई 2015 को रामबाग स्थित गुरूकल में आयोजित की गई। संस्थान के अध्यक्ष श्री देवीचंद देवड़ा ने बताया कि आमसभा का विशेष सत्र राज्य सरकार द्वारा निर्देशित सभी संस्थाओं का कार्यकाल 3 से 5 वर्ष करने हेतु किया गया है। श्री देवड़ा ने इस संबध में बताया कि राज्य सरकार के द्वारा हाल ही में एक आदेश प्राप्त हुआ है जिसमें सभी संस्थाए जो राज्य सरकार द्वारा पंजीकृत है उनका कार्यकाल 3 से 5 वर्ष करने का आदेश प्राप्त हुआ है।

इसी कड़ी में सभी सदस्यों की सहमति से संस्थान का कार्यकाल 5वर्ष तक करने की अनुमति प्रदान की गई। इस संदर्भ में संस्थान के सदस्य डॉ. चिमनसिंह परिहार ने इस संशोधन के संदर्भ अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि इसके लिए संस्थान का विशेष सत्र बुलाकर सभी सदस्यों को व्यक्तिगत डाक द्वारा सूचित किया जाना आवश्यक है साथ ही इसके लिए संस्थान के कुल सदस्यों संख्या के दो तिहाई बहुमत आवश्यक है तथा आज की सभा में मुश्किल से 150 सदस्य ही उपस्थित है।

संस्थान अध्यक्ष श्री देवीचंद देवड़ा ने इसके अलावा संस्थान द्वारा एम्स के नजदीक धर्मशाला के लिए 650 वर्ग मीटर भूमि को खरीदने के लिए सहमति की बात कही तथा बताया कि उक्त भूमि हमें केवल मात्र 21,000/रू प्रति वर्ग मीटर से प्राप्त हो रही है इस धर्मशाला का निर्माण भी दानदाताओं के सहयोग से अतिशीघ्र प्रारंभ किया जायेगा जिससे समाज के लोग जो एम्स में ईलाज के लिए आयेगें उनके परिजनों को एम्स के नजदीक ही रहने की समुचित व्यवस्था उपलब्ध हो जायेगी। इस अवसर पर समाज के युवा श्री महेश परिहार ने भी अपने विचार प्रकट करते हुए संस्थान में पिछले चुनाव में अनियमितताओं एवं संस्थान द्वारा समाज हित में होने वाले प्रदर्शनों में पूरा सहयोग नहीं करने की बात कहते हुए भविष्य में इस प्रकार के आयोजनों में संस्थान के पदाधिकारियों के सक्रिय रहने की बात कही।

संस्थान के श्री राधेश्याम सांखला ने आजीवन सदस्यता शुल्क को दौगुना करने पर औचित्य उठाते हुए संस्थान के 43 वर्षो के कार्यकाल में केवल मात्र 8300 के लगभग ही सदस्य बनाने पर पदाधिकारियों की कार्यशेली पर सवाल उठाए।

इसके अलावा संस्थान की इस बैठक में समाज के किसानों को राज्य सरकार द्वारा डार्क जोन के विद्युत कनेक्शन काटने से होने वाले नुकसान पर सभी ने कड़ी निंदा करते हुए इसका विरोध करने का निर्णय लिया। क्योंकि मण्डोर क्षेत्र के कृषि धारक अधिकतर माली समाज के लोग है जिनका मुख्य व्यवसाय कृषि है राज्य सरकार के इस निर्णय से हजारों कृषक परिवारों को आर्थिक संकट के साथ ही अन्य संकटों का भी सामना करना पड़ेगा। संस्थान के सभी सदस्यों ने इस हेतु उचित कार्यवाही करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर समस्या के निराकरण की बात कही गई।

# बीकानेर में नवजीवन हॉस्पिटल का उद्घाटन

बीकानेर में 22 मई को प्रात: 10 बजे तंवर माली परिवार द्वारा निर्मित 'नवजीवन हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर' का उद्घाटन माली (गहलोत) जाति में ही जन्म लिये हुए सात्विक, विद्वान एवं तपस्वी संत 'योगी श्री शिव सत्यनाथ जी महाराज' महंत श्री नवलेश्वर मठ बीकानेर के करकमलों से हुआ। इस अवसर पर डॉ. जी.सी. खत्री आचार्य एवं पूर्व विभागाध्यक्ष शिशुचिकित्सा विभाग पी.बी.एम. बीकानेर डॉ. सी.के. चाहर आचार्य एवं पूर्व विभागाध्यक्ष, पी.बी.एम. हॉस्पिटल, बीकानेर एवं आचार्य राम गोपाल सैनी प्राचार्य पी.जी. संस्कृत कॉलेज, फतेहपुर भी उपस्थित थे। श्री लक्ष्मीनारायण तंवर से नि: मुख्य प्रबंधक, स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर द्वारा स्थापित चिकित्सालय में उनके पुत्र डॉ. सुनील तंवर (एम.बी.बी.एस, एम.डी.,एम.आई.ए.पी.) नवजात शिशु बाल एवं किशोर रोग विशेषज्ञ हैं जबकि पुत्रवधू डॉ. सविता तंवर (एम.बी. बी.एस, डी.जी.ओ.) प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं। श्री एल.एन तंवर मैनेजिंग डाइरेक्टर हैं। श्री गोपाल कृष्ण तंवर मेडिकल स्टोर संभालेंगे। पता-डी 15 जवाहर नगर, पुरानी गजनेर रोड़ बीकानेर।

श्रेष्ठ सुविधायुक्त माली समाज छात्रावासय भवन का उद्घाटन

# आज के समय में छात्रावास व उच्च कोचिंग संस्थाओं की महती आवश्यकता – श्री राजेन्द्र गहलोत



भीनमाल। पूर्व मंत्री व लिखमीदास चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेंद्र गहलोत ने कहा कि वर्तमान समय शिक्षा का समय हैं आज के समय में छात्रावास व उच्च कोचिंग संस्थाओं की महती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि छात्रावास निर्माण होने से समाज के बालक-बालिका शिक्षा प्राप्त कर समाज का नाम रोशन करेंगे। वे गुरूवार को शहर के राजकीय महाविद्यालय के पीछे स्थित माल समाज के नवनिर्मित छात्रावास के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के नाते बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि छात्रावास की उपयोगिता तभी सार्थक होगी, जब यहां से बालक-बालिकाएं शिक्षा प्राप्त करेंगे।

उन्होंने कहा कि समाज में बालिका शिक्षा की कमी है। उन्होंने उपस्थित लोगों से बालक-बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने का आह्वान किया। राजसीको के पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार ने कहा कि समाज में तकनीकी शिक्षा की महती आवश्यकता है। जालोर सभापति भंवरलाल माली ने कहा कि माली शिक्षण संस्थान समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जो प्रयास कर रही है, वह सराहनीय है। सुंधामाता माली समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष शंकरलाल सुंदेशा ने कहा कि शिक्षा की महती आवश्यकता है।

महात्मा ज्योति बा फूले राष्ट्रीय जागृति मंच के अध्यक्ष मोती बाबा फूले ने कहा कि छात्रावास निर्माण से समाज में शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। नगरपरिषद के पूर्व आयुक्त शंकरलाल गहलोत ने कहा कि समाज में धन की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न शहरों में समाज की ओर से छात्रावास का निर्माण किया जा रहा है। पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने कहा कि परमार उषा गहलोत, डॉ. परिहार, सहायक अभियंता भरत देवड़ा ने भी विचार-व्यक्त किए। माली शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष भारताराम सुंदेशा ने अतिथियों व आगन्तुकों का आभार ज्ञापित किया। पूर्व पालिकाध्यक्ष जीएम परमार, शिक्षाविद् कुन्दनमल जैन, माली शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष भारताराम सुंदेशा, आरजेएस भलाराम परमार, उषा गहलोत, डॉ. देवीन भाई परिहार, सहायक अभियंता भरत देवड़ा ने भी विचार-व्यक्त किए।

इससे पूर्व छात्रावास के लिए विभिन्न चढ़ावे बोले गए। इस मौके पूर्व पालिकाध्यक्ष जी.एम. परमार, मनीष गहलोत(माली सैनी संदेश), गजाराम माली, छगाराम सांखला, संत लखमीदास सेवा संस्थान के सचिव भंवरलाल सोलंकी, प्रभुलाल सांखला, माली युवा संगठन के अध्यक्ष मांगीलाल गहलोत, पूर्व सरपंच सांवलालराम परिहार, नाथू सोलंकी, पारसमल सांखला, राजमल परमार, पारस सुंदेशा, सुमेर परिहार, पुरूषोत्तम सोलंकी व दलाराम परिहार सहित कई लोग मौजूद थे।



**भजन संध्या मे झूमे श्रोता**

छात्रावास उद्घाटन को लेकर छात्रावास परिसर में बुधवार शाम को एक शाम सरस्वती माता मे नाम भजन संध्या हुई। भजन संध्या में गायकार रामेश्वर माली एण्ड पार्टी ने छात्रावास परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गुरूवार को प्राण-प्रतिष्ठा हुई। गाजे-बाजे के साथ मंदिर में सरस्वती माता की प्रतिमा स्थापित की गई। इस मौके परिसर में सरस्वती माता के जयकारे गूंजे। कार्यक्रम को लेकर शहर में माली समाज के लोगों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे।

जनप्रतिनिधियों ने शिरकत कार्यक्रम में युवा कांग्रेस लोकसभा अध्यक्ष ऊमासिंह राठौड़, रानीवाड़ा विधायक नारायणसिंह देवल, एसपी सत्येन्द्र कुमार, डिस्कॉम के पूर्व मुख्य अभियंता हुकमचंद देवड़ा, अधिशाषी अभियंता रमेश सेठ ने भी शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन भंवर परिहार ने किया।

इससे पूर्व रात्री में हुई भव्य भजन संध्या की शुरूआत गणपति वंदना से हुई। इसक बाद प्रकाश माली ने भीनमाल नगर में क्षेमंकरी माता बिराजे रे..., आवणो पड़ेला आपने आवलो पड़ेला..., नीम गोरिया खेतलाजी मंदिर में भीड़ घणी समेत अन्य भजनों की प्रस्तुति दी। नृत्य कलाकारों ने शानदार नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों की दाद बटोरी।

**फीता काटकर किया उद्घाटन**

कार्यक्रम में संतों के सान्निध्य में अतिथियों व लाभार्थियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ छात्रावास के मुख्य द्वार पर फीता काटकर छात्रावास का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रावास निर्माण में सहयोग देने के लिए दर्जनों भामाशाहों का श्रीफल प्रदान कर साफा व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

जाट आरक्षण के खिलाफ सैनी का दिल्ली में प्रदर्शन

# हम जाटों को ओबीसी के 27 प्रतिशत के आरक्षण का हिस्सा नहीं बनने देगें– श्री राजकुमार सैनी





नई दिल्ली। जाटों का आरक्षण के खिलाफ दिल्ली में गुरूवार को एक बड़ा प्रदर्शन किया गया। प्रधानमंत्री मोदी समेत भाजपा के तमाम बड़े नेता जाट आरक्षण के पक्ष में बयान दे रहे हैं, लेकिन संसद भवन के निकट आयोजित जाट विरोधी प्रदर्शन का नेतृत्व कुरूक्षेत्र से भाजपा राजकुमार सैनी ने किया। सैनी ने चेतावनी देते हुए कहा कि हम जाटों को ओबीसी के 27 प्रतिशत के आरक्षण का हिस्सा नहीं बनने देंगे। उन्होंने कहा कि जब हाईकोर्ट और देश का सुप्रीम कोर्ट ही जाट आक्षरण को निरस्त कर चुका है तो आरक्षण की मांग ही नाजायज हैं।

सैनी ने आरोप लगाया कि जाट समुदाय समृद्ध होने के बावजूद आरक्षण की मांग कर रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में लंबे समय से जाट नेता सत्ता पर काबिज रहे हैं।

जाट हरियाण में जमीनों के मालिक व बड़े किसान हैं। ये शुरू से ही सरकारी नौकरियों में हैं और बड़े-बड़े पदों पवर काबिज हैं। ऐसे में किसी आधार पर जाटों का ओबीसी में आरक्ष दिया जा सकता है।

जाटों ने भी 11 मई को दिल्ली में इकट्ठा होकर अपना शक्ति प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। जाटों के इस शक्ति प्रदर्शन से पहले जाट आरक्षण विरोधी खेमे ने संसद के निकट जंतर-मंतर पर हजारों समर्थकों के साथ अपना शक्ति प्रदर्शन किया। सैनी ने यहां कहा कि वह इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी से भी मिलेंगे और ओबीसी समुदाय के लोंगो की मुलाकात करवाएंगें। दिल्ली में ओबीसी को गोलबंद करने के बाद अब भाजपा सैनी अगले सप्ताह से राजस्थान में डेरा डालकर ओबीसी वर्ग को जाट आरक्षण के खिलाफ एकजुट करेगे।



## पक्षिओं के लिए दाने पानी की सुविधा

जोधपुर के मगरा पूंजला स्थित चतुरावता बेरा पर नन्हें बच्चों ने भीषण गर्मी से बचने के लिए पक्षिओं के लिए दाने पानी की सुविधा की। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र के बच्चों व बच्चियों ने पक्षियों के लिए बाजरी, मक्की, गेंहू, जौ, चना, तिल, मूंग, मौंठ खाने के लिए तथा पानी के लिए परिंडे की व्यवस्था की। भीषण गर्मी के कारण खेतों में फसल नहीं होने से पक्षिओं को खाने पीने की दिक्कत होती है। इन बच्चों ने उनकी पीड़ा को ध्यान में रखते हुए यह अनुकरणीय कार्य किया है। जिसमें जयवीर देवड़ा, कृष्णा, कुमकुम, तनु और रितु देवड़ा ने संकल्प लेकर इनके लिएदाना पानी की समुचित व्सवस्था हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी की है।

समजा के युवा इंजिनियर निखिल गहलोत का एक और अविष्कार

## इंजीनियरिंग के स्टूडेंट ने मजदूरों के लिए बनाई इक्विटिवन मल्टी लोड फ्रेम मजदूर दिवस पर की क्रेन लॉचिंग करके मजदूरों को दिया तोहफा




जोधपुर। एसआरएस इंजीनियरिंग कॉलेज गाजियाबाद के सिविल इंजीनियरिंग के विद्यार्थी 21 वर्षीय निखिल गहलोत पहले भी भारत का नाम रोशन कर चुके हैं। इतनी कम उम्र में चार रिकॉर्ड भी लिम्का बुक में दर्ज करवा चुके है। इस बार उन्होंने मजदूर दिवस पर इकिट्विन मल्टी लोड क्रेन की लांचिंग करके जोधपुर का ही नहीं, बल्कि देश का भी नाम रोशन किया है। इसका निर्माण मानव के कठिना परिश्रम को कम करने के लिए किया गया है। यह क्रेन शरीर संतुलन को बैलेंस करता है।

**कठिन परिश्रम करने वाले मजदूरों का अभिनव उत्पाद :** ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में निर्माण स्थलों, कारखानों, वंदगाहो रेल्वे स्टेशनों व कृषि उद्योग सहित कई स्थानों पर मजदूरों के कठिन परिश्रम में सुधार करने का यह अभिनव उत्पाद है।

**गर्दन को नहीं पहुंचेगा नुकसान :** अमूमन मजदूर सिर पर अधिक भार उठाते हैं। इसमें ज्यादा नकुसान उनकी गर्दन को होता है। सिर पर अधिक भार उठाने से सर्वाइकल व ट्यूमर जैसी कई बीमारियों हो सकती है। यह फ्रेम इन गतिविधियों से बचाने में सहयोग करेगा। देश ही नहीं विदेश में भी रहेगा इस प्रोडक्ट का प्रभाव : यह प्रोडक्ट भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में काम कर रहे सभी मजुदारों के लिए कारगर साबित होगा। फिलहाल इसमें कई ऐसे काम बाकी है जो करने के बाद ही इसे बाजार में पूर्ण रूप से उतारा जाएगा।

**ट्रेनिंग दौर में समझ आई मजदूरों की समस्या :** निखिल बढाते हैं कि मुझे इसका विचार कुछ समय पहले आया। जब मैंने कस्ट्रक्शन साइंट पर ट्रेनिंग में पाया कि हमारे देश में मजदूरों की स्थिति सबसे खराब है। मजदूरों के सेफ्टी नॉर्म्स को बहुत कम कंस्ट्रक्शन साइट पर फोलो किया जाता है। जय मैंने इस पर अनुसंधान किया तो पता चला कि सिर पर भार उठाने से मानव शरीर को बहुत नुकसान होता है। इसको लेकर मैंने चिकित्साकों से बाचचीत की और मानव शरीर के रचना विज्ञान को समझा और उसके बाद इस फ्रेम को पहली बार बनाया तब इसमें बहुत कमियां थी, लेकिन इसका भार अधिक होने के कारण इसकी फिडिक्टम कम हुई। अभी में इस पर और रिसर्च करके इसे फेडेबल बनाना चाहता हूं। साथ ही इस प्रेम को फ्यूचर में सैन्यूफैक्चरिंग की भी कोशिश कर रहा हूं। यूं तो इसकी लॉचिंग कर दी है। फिर भी इसमें और भी कुछ बदलाव करके ही बाजार में लाया जाएगा।

**सरकार या भामाशाह भी करें सहयोग :** अभी तक इस फ्रेस की कीमत 1600 रूपए आ रही है। लेकिन अगर यह प्रेम प्लास मैन्यूफेक्चरिंग तक जाती है तो इसकी कीमत 800 से एक हजार तक होगी। इसके लिए सरकार और भामाशाहों को भी आगे आकर सहयोग करना चाहिए।

**यूसेल्स में कर चुके हैं भारत का प्रतिनिधित्व :** यूथ फॉर यूमन राइट्स इंटरनेशनल ऑगनाईजेशन के तत्वावधान में हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाता है। इस बार सितम्बर माह में यूसेल्स में इसका आयोजन किया गया। इसमें भारत का प्रतिनिधित्व निखिल ने किया। इसमें निखिल के अलावा 50 से अधिक देशों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। स्टेपल पिन का जहाज बनाकर दर्ज करवा चुके लिम्का बुक में नाम लिखवा चुके निखिल बताते हैं कि टाइटेनिक शुरू से ही उनके प्रेरणा का स्त्रोत रहा है। इसी के चलते उसने स्टेपल की पिनों से टाइटेनिक जहाज बनाकर अनूठा रिकॉर्ड बनाने में कामयाबी हासिल की। जिसे लिम्का बुक अवार्ड्स में दर्ज किया गया। यह जहाज बनाने में 5400 बंधेज व 270000 पिनें लगी। निखिल ने कहा कि इस कामयाबी के पीछे जितना हाथ उनके परिजनों का है उतना ही हाथ यू ट्यूब और मीडिया का भी है। जिसके माध्यम से उन्हें इतनी प्रसिद्धी कम उम्र में हासिल हुई। आज अगर इनका पहुंच पाता।

# विविध समाचार

### आई.पी.एस. रवि मोहन सैनी को मिला गुजरात कैडर

गत वर्ष आई.पी.एस. में चयन्ति अलवर निवासी युवक रवि मोहन सैनी को गुजरात कैडर दिया गया है। केन्द्रीय गृह मंत्रायल द्वारा जारी की गई अधिसूचना में अखिल भारतीय सिविल सेवा परीक्षा 2013 में चयनित राजस्थान मूल के 14 आई.जी.एस. में से मात्र एक अनिल कुमार को राजस्थान कैडर मिला है। शेष 13 को अन्य प्रान्तों को कैडर मिला है।

सिविल सेवा परीक्षा 2013 में सेलेक्ट कुल 145 लोगों को कैडर अलॉट किया गया है। एम.बी.बी.एस डिग्री प्राप्त रणि मोहन सैनी एम्स दिल्ली में डॉक्टर रहे हैं तथा इन्होंने दूसरी बार आई.ए.एस. परीक्षा पास की है। सन् 2013 में सेलेक्ट युवक-युवतियों को अब प्रशिक्षण के पश्चात् कैडर प्रदान किया गया है। अब इन्हें संबंधित राज्यों में नियुक्ति प्रदान की जायेगी।

### आलोक सैनी फैली रहे हैं आलोक

आलोक शब्द का अर्थ होता है रोशनी/ घर वालों ने जिस कामना से इन लोगों के ये नाम निकाले हैं उन्हें ये लोग यथार्थ कर रहे हैं।

1. श्री आलोक कुमार सैनी (आर.ए.एस., एस. डी.ओ.) श्रीमाधोपुर (सीकर) निवासी- झुंझुनूं जिला। 2. श्री आलोक कुमार सैनी (आर.ए.एस. एलाइड, सहायक जिला कोषाधिकारी, चूरू) निवासी - झुंझुनूं शहर। 3. श्री आलोक कुमार सेनी (सी.आई. पुलिस, सहायक निदेशक, पुलिस एकेडमी, जयपुर) निवासी - फतेहपुर शेखावाटी (सीकर)

### आर.ए.एस. के तबादले

जयपुर। राज्य सरकार ने आर.ए.एस. अधिकारियों के तबादले किये है। उनमें ये सैनी अधिकारी अग्रलिखित स्थानों पर लगेंगे।

1. तूलिका सैनी :- उपायुक्त, राजस्थान प्रारंभिक शिक्षा परिषद, शिक्षा संकुल, जयपुर। 2. श्री शंकरलाल सैनी :- उपखण्ड अधिकारी, टोडारायसिंह। 3. श्री आलोक कुमार सैनी :- उपखण्ड आधिकारी, श्रीमाधोपुर (सीकर)

जिला शिक्षा अधिकारी श्री पांचूराम सैनी को, अब तबादला कर कर, जिला शिक्षा अधिकारी, करौली बनाया गया है।


# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासूदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा

श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भाराराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर

श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर
श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री घनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत, जोधपुर

# माली सैनी सन्देश










## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

### सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियां आपको विगत 8 वषो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गों में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जार रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब–साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई–पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है। हमारी वेब साईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है। एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई– पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के सभी अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

### सदस्यता राशि

**दो वर्ष रु. 300/-** | **पांच वर्ष रु. 700/-** | **आजीवन रु. 3100/-**

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन./मोबाईल ____________ ई–मेल ____________

ग्राम ____________ पोस्ट ____________ तहसील ____________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि ( रूपये ) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ ( डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें )

vr% eq>s@gesa Hkh vaxzkfdr irs ij ekyh lSuh lans'k if=dk

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे : – प्रसार प्रभारी

**माली सैनी संदेश पोस्ट बॉक्स नं. 9, जोधपुर**

3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर ( राज. )

Mobile : 9414475464/9214075464 visit us www,malisainisandesh.com
www.malisaini.org E-mail : malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

## ही क्यों ?

**क्योकि**

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

**क्योकि**

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

**क्योंकि**

हमारी क्रियेटिव टीम के साथ यह सजाती है आपके ब्रांड को पूरे देश ही नहीं विदेश में भी।

**RATES**

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |
| Color Page | 2,500/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

Write to : P.O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464, 92140 75464
log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर

# पुष्कर में आयोजित समारोह की झलकियां














RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831




स्वत्वाधिकारी सम्पादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक मनीष [illegible] के लिए
भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस सेक्टर 7,
जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर से प्रकाशित।
फोन : 9414475464 ई-मेल : malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR